हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप



### सतनाम समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**कोरबा।** सतनाम समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियां के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जय सतनाम समाज के नवनिर्वाचित नेतृत्व में नई उर्जा की झलक देखने को मिल रहा है । बाबा गुरू घासीदास के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाना ही इस नवीन नेतृत्व का उद्देश्य होना चाहिए साथ ही कोरबा का सतनाम समाज सामाजिक एकता का मिशाल बने। श्री अग्रवाल ने सबसे पहले बाबा गुरू घासीदास एवं डॉ.अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और नव निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए सफल नेतृत्व के लिए मंगलकामना की।

### 10 वर्ष पुराने निष्क्रिय बैंक खातेदारों के लिए मेगा कैंप आयोजन कल

**कोरबा।** वित्तीय सेवा विभाग (वित्त मंत्रालय) भारत सरकार द्वारा सभी बैंकों, बीमा कंपनी, एसबीआई लाइफ, म्यूच्यूअल फण्ड को 10 वर्ष पुराने या निष्क्रिय खातों, बीमा के दावे, एसबीआई लाइफ के दावे, म्यूच्यूअल फण्ड के दावे पर दावेदारों, उत्तराधिकारी या उनके नामित व्यक्ति को पहचान कर खाते की राशि उनके दावेदारों को भुगतान किये जाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में 24 अक्टूबर को घंटाघर से बुधवारी के बीच सियान सदन भवन में मेगा कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जनसामान्य लोगों, वित्तीय संस्थान के एवं शासकीय खातों के लिए 10 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय खाते, बीमा दावा, एसबीआई लाइफ बीमा के दावे, म्यूज्यूअल फण्ड दावे स्वीकार किये जायेंगे। संबंधित व्यक्ति एवं शासकीय संस्थाओं से उक्त मेंगा कैप का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा।** ग्राम उतरदा के शासकीय माध्यमिक शाला बालक/कन्या विद्यालय में मेगा पीटीएम में पालकों की उपस्थिति एवं छात्र छत्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को द्वितीय मेगा पालक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल उपस्थित रहे। मेगा सम्मेलन में उपस्थित पालकों को विद्यालय द्वारा उनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गयी। पालकों को अपने बच्चों का शैक्षिक स्तर की जानकारी हुईं। विधायक श्री पटेल द्वारा पालकों को बच्चों के अध्ययन मे सहयोग करने एवं शिक्षा के क्षेत्र मे शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गयी। प्रधानपाठक श्री नेटी के द्वारा शाला का प्रतिवेदन रखा गया एवं मांग स्वरूप बालक कन्या हेतु पृथक शौचालय, सर्वसुविधायुक्त नवीन कन्या मा शा भवन, सायकल स्टैंड एवं ऑडिटोरियम भवन की मांग रखी गयी। जिसे उपस्थित मुख्यअतिथियों द्वारा पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू, श्री सिंगौर, प्राचार्य जीपी लहरे, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला श्री कँवर, सुन्दर मरावी, संतोष मरावी, समोस सागर, मन्नू आदि उपस्थित थे।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अन्तर्गत शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 1 माह तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जिले के जुड़ो, कराटे, ताईक्वाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रशिक्षकों से आवेदन मंगाया गया है। महिला प्रशिक्षकों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में उक्त विधा से संबंधित वांछित दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कार्यालय में 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की लगाई गुहार

# एससीसी कंपनी के चालकों व ऑपरेटरों ने कंपनी पर लगाया शोषण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मानिकपुर खदान में कार्यरत एससीसी (सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी) नामक निजी कंपनी में कार्य पर नियोजित वाहन चालकों व ऑरेटरों ने एससीसी पर

**खास बात**
- एसईसीएल मानिकपुर खदान में कार्यरत एससीसी कंपनी का मामला

शोषण का आरोप लगाया है। वाहन चालकों व ऑपरेटरों ने आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा पिछले 3 साल से उनसे 8 घंटे के बजाए 12 घंटे का काम लिया जा रहा है। वहीं शासन द्वारा निर्धारित एचपीसी दर पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। ठेका श्रमिकों ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।



चालकों एवं ऑपरेटरों से चर्चा करते हुए।

मानिकपुर खदान के एससीसी नामक निजी कंपनी में कार्यरत वाहन चालकों व ऑरेटरों ने महाप्रबंधक, एसईसीएल मानिकपुर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि उनकी हाजिरी एमटीके ऑफिस में दर्ज नहीं की जाती और एक दिन की छुट्टी लेने पर दो दिन की मजदूरी काट ली जाती है। इतना ही नहीं उन्हें हर महीने 16 हजार रुपये फिक्स रेट पर नकद भुगतान किया जा रहा है, जबकि नियम के अनुसार बैंक खाते में भुगतान और सीएमपीएफ ईपीएफ जमा होना चाहिए। ठेका श्रमिकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन की शिकायत करने पर ठेका कंपनी के मालिक सोनू अग्रवाल उन्हें काम से निकालने की धमकी देते हैं। लंबे समय से प्रताड़ना झेल रहे ठेका श्रमिक अब आंदोलन को मजबूर हो गए हैं। ठेका श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होती है तो सभी ठेका श्रमिक कामबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। ठेका श्रमिकों ने कहा है कि हड़ताल के दौरान यदि किसी भी तरह की अप्रिय घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी और एसईसीएल कोरबा प्रबंधन की होगी।

## तेज रफ्तार मछली लोड वाहन पलटा, राहगीर उठा ले गए मछली



सड़क पर बिखरी मछली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मछली लेकर जा रही एक तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के होते ही जैसे ही स्थानीय लोगों को इस घटना की सूचना मिली वे मौके पर जा पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाए सड़क पर पड़े मछलियों को उठा उठाकर अपने-अपने घर लेकर जाने लगे। हालांकि इस घटना में वाहन चालक को कोई खास चोट नहीं आई लेकिन इस घटना के बाद गाड़ी में रखे हजारों रुपए कीमती मछलियों को लेकर ग्रामीण घर जरूर भाग गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा कैसे हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस का कहना है की जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

सर्वमंगला कनेवरी मार्ग अंतर्गत जोड़ा पुल से थोड़ी दूर पहले तेज रफ्तार मछली लोड चार पहिया वाहन पलट गई। जिसमें चालक और वाहन में बैठे लोगों को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि वाहन के पलटते ही वाहन में लोड मछलियां सड़क पर बिखर गई, इसके बाद इस राह से गुजर रहे मछली प्रेमी सड़क पर बिखरे मछलियों को उठाते चले गए। वाहन चालक सिर पकड़ कर एक किनारे बैठे ये सब देखता रहा। सर्वमंगला कनवेरी मार्ग बनने के बाद से आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं, जिसकी मुख्य वजह वाहनों की तेज रफ्तार है।

## सीईओ जिला पंचायत ने ली पीएम सूर्यघर योजना की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभागार में सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक, वेंडर्स एवं सीएसईबी के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ श्री नाग ने बैठक के दौरान बैंकों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी शाखा प्रबंधकों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

**खास बात**
- बैंकों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



बैठक को संबोधित करते हुए।

सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने कहा कि योजना का उद्देश्य हर घर को सौर ऊर्जा से जोड़ना है, इसलिए समयबद्ध तरीके से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया ताकि योजना का क्रियान्वयन तेज़ी और पारदर्शिता के साथ हो सके। बैठक में योजना के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष चर्चा हुई। सीईओ ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जाए। बैठक में सीईओ श्री नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ग्रामीणों के जीवन में ऊर्जा आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

## दस वर्षों बाद भी पूरा नहीं पंचायत भवन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत इरफ में 10 साल पूर्व डीएमएफ मद से 16 लाख रुपए में पंचायत भवन की स्वीकृति मिली थी जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी उसमें से 12 लाख रुपए का आहरण किया जा चुका है किंतु आज तक उक्त पंचायत भवन अधूरा पड़ा है। जिससे पंचायत प्रतिनिधियों को पुराने जर्जर भवन में बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य की स्वीकृति होती है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण है कि नहीं यह देखने की जिम्मेदारी जिस विभाग के अधिकारी की होती है वह मौके पर जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता कार्य पूरा हुआ कि नहीं यह देखने की जरूरत नहीं समझी जाती जिसके कारण आज भी कई पंचायत में



निर्माण कार्य आधा अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आधा अधूरे पड़े निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की मांग की है क्षेत्र की ग्राम पंचायत में यह देखा जा रहा है कि ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा कार्य को ठेके में दे दिया जाता है। ठेकेदार कार्य आधा अधूरा छोड़कर चुप बैठ जाता है जिससे विकास कार्य का लाभ ग्रामीण एवं ग्रामीणों द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को नहीं मिल पाता है।

## रजत जयंती वर्ष पर जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले में कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के लिए राजीव गांधी ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। मेला एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देना रहा।

मेले में पांचों विकासखण्डों से 503 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें कृषि उपकरण, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, पौध सामग्री, जैविक खाद एवं जैविक उत्पादों की जानकारी दी गई। किसानों ने इन स्टॉलों से नवीन तकनीकों के व्यावहारिक प्रयोगों को समझा और उन्हें अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसल विविधीकरण, जैविक खाद निर्माण, कीट एवं व्याधि प्रबंधन, समन्वित पोषण प्रणाली, सिंचाई प्रबंधन और जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि बदलते जलवायु परिस्थितियों में टिकाऊ खेती और मृदा स्वास्थ्य बनाए रखना भविष्य की जरूरत है, जिसके लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि आज खेती केवल परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान का विषय बन चुकी है, इसलिए प्रत्येक किसान को नई तकनीकें अपनानी चाहिए।

## निगम के अपर डिवीजन क्लर्क का आकस्मिक निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम में अपर डिवीजन क्लर्क के पद पर कार्यरत कपिल कुमार श्रीवास्तव 54 वर्ष बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि आकस्मिक निधन हो गया।



कपिल श्रीवास्तव।

एमआईजी 1/64, महाराणा प्रताप नगर, कोरबा स्थित निवास पर अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात्रि 1.30 बजे उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में वरिष्ठ लिपिक अमृत श्रीवास्तव के छोटे भाई व प्रतीक श्रीवास्तव और लक्ष्य श्रीवास्तव के पिता हैं। वे अपने पीछे पत्नी-सुपुत्रों सहित भरा पूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए। इस खबर से निगमकर्मियों में शोक की लहर है। नगर निगम के साथी कर्मचारियों एवं महाविद्यालय परिवार ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके परिवार को यह असीम दुःख सहने की शक्ति देने प्रार्थना की है।

### आज से शुरू होगा चार दिवसीय छठ पूजा

# सूर्य उपासना के पर्व छठ पूजा को लेकर घाटों पर तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य-उपासना का पावन महापर्व छठ 25 अक्टूबर से शुरुआत हो रहा है और शहर के विभिन्न घाटों तथा जलाशयों में पूजा-उपासना की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस चार-दिवसीय पर्व के तीसरे व चौथे दिन यानी देर शाम एवं प्रातः काल घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस अवसर पर विशेष रूप से नदी-तालाब, नालों व नहरों के किनारे पूजा को लेकर प्रशासन व स्थानीय नागरिकों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

नगर निगम, घाट क्षेत्र के पार्षदों एवं पूर्वांचल से आए श्रद्धालुओं ने मिलकर घाटों की साफ-सफाई, पानी की गंदगी हटाने, सीढ़ियों तथा किनारों का व्यवस्थित चिन्हांकन आदि कार्य शुरू कर दिए हैं। शहर के एक घाट, डेंगूरनाला घाट का निरीक्षण करते हुए महापौर संजू देवी ने कहा कि घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था



फाइल फोटो

और सुरक्षा अत्यावश्यक है। हालांकि प्रमुख घाटों में प्रबंधन को लेकर सतर्कता दिख रही है, लेकिन उपनगरीय एवं बाहरी क्षेत्रों में अब भी कुछ घाट ऐसे हैं, जहां पूजा-उपासना के लिहाज से पर्याप्त संरचना एवं सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। त्यौहार की भीड़ बढ़ने से पहले ऐसे घाटों पर विशेष दृष्टि रखने की जरूरत है, ताकि किसी प्रकार की विघ्न अथवा दुर्घटना न हो सके।

घाट किनारे जल-स्त्रोतों में जमा गंदा पानी हटाना एवं जल प्रवाह सुगम बनाना। किनारों की सीढ़ियों व प्लेटफॉर्म को चिन्हित कर सुरक्षित रूप से उपयोग योग्य बनाना। घाटों पर स्थान चिन्हित करना ताकि पूजा-उपासना के समय भीड़ व्यवस्थित रूप से व्यस्त हो सके तथा अतिक्रमण रोक हो सके। स्थानीय बस्तियों व मार्गों में प्रकाश व ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करना। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षित घाटों का चयन करें और भीड़ वाली स्थिति में अतिरिक्त सावधानी बरतें। पर्व की भव्यता व आस्था को ध्यान में रखते हुए, किन्हीं असुरक्षित घाटों पर पूजा करने से बेहतर है कि पर्यावरण-अनुकूल तथा प्रशासन द्वारा चिन्हित घाटों को ही इस्तेमाल किया जाए। पर्व के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए, यह भी बताया गया है कि छठ पूजा के पहले दिन का श्राद्ध-स्नान (नहाय-खाय) और तीसरे-चौथे दिन का अर्घ्य समय विशेष होते हैं।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 03 /ब-121/2025-2026
ग्राम- तालदेवरी तहसील-बम्हनीडीह

आवेदक श्री नारायण प्रसाद पिता श्री ओंकार खूंटे उम्र 24 वर्ष निवासी तालदेवरी तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका यामनी निषाद उम्र 23 वर्ष पिता श्री जोहन लाल निषाद निवासी ग्राम फुण्डहर तहसील रायपुर थाना तेलीबांधा जिला रायपुर (छ.ग.) **बनाम**

**छत्तीसगढ़ शासन**
**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम तालदेवरी तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नारायण प्रसाद पिता श्री ओंकार खूंटे उम्र 24 वर्ष निवासी तालदेवरी तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका यामनी निषाद उम्र 23 वर्ष पिता श्री जोहन लाल निषाद निवासी ग्राम फुण्डहर तहसील रायपुर थाना तेलीबांधा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 12/11/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/10/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बांझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025
[ अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती ]

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

4 राज्योत्सव के दौरान सभी शासकीय भवनों में रोशनी किए जाने करें सुनिश्चित



## खबर संक्षेप

### कलशयात्रा के साथ नवधा रामायण का शुभारंभ आज



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तुलसी में प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पं. सुशील शुक्ला की स्मृति में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। नवधा रामायण का शुभारंभ शनिवार 25 अक्टूबर को कलशयात्रा के साथ होगा। इस बीच भगवान श्रीराम के चरित्र, लीला को भजन एवं प्रवचन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन समिति के सूरज नागेश ने बताया कि आयोजन के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले मानस मंडलियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने जागरूकता सत्र सह कार्यशाला का आयोजन परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत सेक्टर सरहर, परियोजना बलौदा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं परियोजना पामगढ़ अंतर्गत भुईगांव सेक्टर में आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कार्यशाला में छोटे पैमाने पर घर या झोपड़ी में परिवार के सदस्यों द्वारा कम पूंजी और साधारण औजारों की मदद से संचालित किए जाने योग्य व्यवसायों की जानकारी देते हुए प्रोसेस फुड जैसे नमकीन चिप्स, आटे, बेसन, मैदे से बनाए जाने वाले नमकीन एवं मीठे खाद्य पदार्थ तैयार करने, डिब्बाबंद सामाग्री एवं ऐसे खाद्य सामग्रियो जिसमें आचार, पापड़, बड़ी बिजौड़ी आदि का अलग-अलग ऋतुओं मे प्रसंस्कृत कर उपयोग में लाने एवं अपने व्यवसाय का माध्यम बनाने की जानकारी दी गई।

### अजा मेधावी विद्यार्थियों के लिए श्रेष्ठ योजना के लिए आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की श्रेष्ठ योजना लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना दृ श्रेष्ठ के तहत आवेदन किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए 3 हजार नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आबंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाता है।

### रजत जयंती कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत 20 सहकारी समितियों में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 17 से लेकर 24 अक्टूबर तक क्षेत्र के सोंठी, चांपा, दारंग, बम्हनीडीह, अफरीद, झर्रा, करनोद, पोडीशंकर, लखाली, सरहर, गिधौरी, कड़ारी,झरना, बिर्रा, सिलादेही, तालदेवरी, डभराखुर्द, सारागांव, कुम्हारीकला एवं चोरिया में वरिष्ठ कृषि विकासखंड अधिकारी, उद्यान विभाग, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी संयुक्त रूप से शामिल हुए और उपस्थित किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन, किसान सम्मान निधि, किसान समृद्धि योजना, हेल्थ कार्ड, सौर सुजला, आयल पाम जैसी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## जिले की बदहाल सड़कों को लेकर तीनों विधायकों के नेतृत्व में हुआ आंदोलन

# कलेक्टोरेट घेराव करने निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने रास्ते में रोका, बेरिकेड तोड़कर पहुंचे गेट तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की बदहाल सड़को की मरम्मत की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। तीनों विधायक के साथ कार्यकर्ताओ ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेसियो ने रैली निकाली और बेरीकेटिंग को तोड़ते हुए कलेक्टर के मुख्य द्वार तक पहुंच गए। जिला प्रशासन ने मंगलवार से सड़क मरम्मत कार्य प्रारम्भ कराने कर आश्वासन देकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया।

जांजगीर चाम्पा जिला के सड़कों की बदहाली के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में बड़ा प्रदर्शन किया। जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप, पामगढ विधायक शेषराज हरबंश और अकलतरा विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह के साथ बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओ ने रैली निकाली। रैली निकाल कर सभी नरेबाजी करते कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े। इधर कलेक्टर कार्यालय के घेराव की सूचना पर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम कर रखे थे। मार्ग में स्टॉपर और बेरीकेट लगाए गए थे। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने निकले कांग्रेसियो ने पुलिस की पहली बेरीकेटिंग को तोड़ दिया और कलेक्टरेट के मेन गेट तक पहुंच गए। दूसरे सुरक्षा घेरा को भी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने गेट के बाहर ही प्रदर्शन कारियों को रोक लिया। कलेक्टरेट के मेन गेट के बाहर ही कांग्रेस विधायक और कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी की। एडिशनल कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर ने विधायकों से चर्चा की। जिले मे बदहाल सड़को की सूची कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन को सौपी और तीनो विधानसभा क्षेत्र के 10-10 सड़को को प्रथमिकता के साथ सुधारने मांग की। एडिशनल कलेक्टर ने मंगलवार से सड़कों की मरम्मत शुरू कराने का आश्वासन देकर प्रदर्शन कारियों को शांत कराया।





कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे तीनों विधायक सहित कांग्रेसी।

### आगे चक्काजाम करने की चेतावनी

कांग्रेसियो ने जिला के तीनों विधानसभा पामगढ, अकलतरा और जांजगीर चाम्पा मे कांग्रेस के विधायक होने के कारण राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। साथ ही आश्वासन के अनुरूप जल्द ही सड़को की मरम्मत नहीं होने पर आगे चक्काजाम करने की चेतावनी दी। अकलतरा विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने राज्य सरकार पर द्वेषवश पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्वीकृत कार्यों को आगे नहीं बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश सड़को का बुरा हाल है। कई बार मंत्री और जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी सड़को की स्थिति मे सुधार नहीं आया। अब जिला प्रशासन ने मंगलवार से 10 सड़क का मरम्मत कार्य प्रारम्भ कराने कर आश्वासन दिया है।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर धान खरीदी कंम्प्यूटर आपरेटर संघ ने खोला मोर्चा

## जल्द निराकरण को लेकर एसडीएम से लगाई फरियाद



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाले कंम्प्यूटर आपरेटर संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगो को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इस मामले में सीएम के नाम ज्ञापन सौपकर एसडीएम से जल्द मामले के निराकरण की मांग की गई है।

सरकार के द्वारा तय किए गए समय सीमा के अंतर्गत 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की जानी है, ताकि पंजीकृत किसानो का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा सके। इधर अपने चार सूत्रीय मांगो को लेकर शुक्रवार 24 अक्टूबर को धान खरीदी कंम्प्यूटर आपरेटर संघ ने मोर्चा खोल दिया। जिला मुख्यालय जांजगीर के नोडल कार्यालय सेवा सहकारी समिति कार्यालय के पास इकठठा होकर आपरेटर संघ के पदाधिकारियो ने प्रदर्शन किया। अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपकर जल्द कार्यवाही की मांग की गई है। उनकी मांगो पर नजर डाली जाए तो मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छतीसगढ शासन के द्वारा भी प्रदेश के 2 हजार 58 सहकारी समिति कर्मचारियो के वेतनमान व अन्य सुविधाऐ लाभ देने प्रति वर्ष प्रत्येक समितियो को 3 एवं 3 लाख रूपऐ की प्रबंधकीय अनुदान राशि शीघ्र आदेश लागू करने, सेवा अधिनियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023 एवं 2024 वही 2024 एवं 2025 में धान खरीदी के बाद सूखत मान्य किया जावे, सुरक्षा ब्यय एवं प्रासंगिक ब्यय तथा कमीशन,खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा में 4 गुणा बढोतरी ,राशन वितरण पर प्रति क्विंटल 500 ग्राम क्षति पूर्ति एवं 5 हजार रूपए देने की मांग साथ ही साथ धान खरीदी नीति वर्ष 2024 एवं 25 मे वर्णित कंडिका क्रमांक 113 आउट सोर्सिंग द्वारा कंम्प्यूटर आपरेटर के नियोजन को विलोपित कर विभाग तय करते हुए नियमितीकरण की मांग को लेकर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के पदाधिकारियो ने ज्ञापन सौपकर मामले पर जल्द निराकरण की मांग की है।

# डीलर कमीशन में वृद्धि की मांग को लेकर कलेक्टर से मिला एलपीजी वितरक संघ



कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे एलपीजी वितरक संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एलपीजी डीलर एसोसिएशन (इंडिया) के तत्वाधान में जांजगीर चांपा जिले के समस्त एलपीजी वितरणगण के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की। इस बीच एक सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

■ केन्द्र सरकार के पेट्रोलियम सचिव तक बात रखने की मांग

क्रवार 24 अक्टूबर को एक सूत्रीय मांग, जो की डीलर कमीशन में वृद्धि को लेकर है। इसे लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाकात किए और अपनी मांग को लेकर बातचीत किए सभी एलपीजी वितरक गणों को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन को केंद्र शासन के पेट्रोलियम सचिव तक पहुंचाएंगे ताकि उनकी आवाज पर मंत्रालय सहानुभूति पूर्वक विचार करके निर्णय लेकर एलपीजी वितरकों को राहत पहुंचाने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन कार्यक्रम में जिले के सभी 13 इंडेन वितरक, चार एचपी गैस के वितरक एवं दो भारत गैस के वितरक शामिल थे। आज सभी एजेंसी में पूर्व के नियोजित कार्यक्रम के अनुसार अपने-अपने बांह में काली पट्टी बांधकर अपनी-अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है और आगे भी काली पट्टी बांधकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जब तक कि वितरकों की मांग पूरी नहीं हो जाती।

### प्रसाधन के दौरान जहरीले जंतु के काटने से एक की मौत

**मालखरौदा।** प्रसाधन करने के दौरान एक जहरीले जंतु के काटने से एक युवक की मौत हो गई। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव की है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश मनहर पिता नरेंद्र कुमार मनहर उम्र 23 वर्ष ग्राम पंचायत आमगांव विकासखंड जैजैपुर ग्राम नवागांव में रामाधार खंडे के घर रुका हुआ था। इसी दौरान रात्रि 1 बजे के लगभग 24 अक्टूबर को प्रसाधन करने बड़ी की तरफ गया। ऐसे में किसी जंतु के काटने का आभास होने पर उसने जाकर रामाधार खांडे को बताया इसके बाद तुरंत ही उसे रात्रि 3 बजे के लगभग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां जांच उपरांत डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षिका की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

स्कूटी सवार शिक्षिका को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा घटना में शिक्षिका की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। वही वाहन चालक गाड़ी लेकर भाग गया। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कचंदा की है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुक्ता निवासी अनिता सिदार 28 वर्ष शिक्षिका जो कि किरारी में पद पर थी। अपने मां के साथ स्कूटी सीजी 13 एएक्स 4216 में सवार होकर कचंदा ग्राम से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान ग्राम अमेराडीह के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी और मालखरौदा की ओर भाग गया। इस दुर्घटना में जिससे घटनास्थल पर ही शिक्षिका की मौत हो गई। गुरूवार 23 अक्टूबर की है। इस दुर्घटना में उसके मां गुरुबारी बाई के सिर को गंभीर चोट लगी है। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर अज्ञात वाहन की पतासाजी में जुट गई है। इधर पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन में जुट गई है।



### नहाय खाय के साथ सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा आज से

**चांपा।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा नहाय खाय के साथ शनिवार 25 अक्टुबर से प्रारंभ हो रहा है। इस बीच भोजपूरी समाज से जुडे लोगो के द्वारा इस पर्व को बडे हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। सूर्य उपासना के पर्व को देखते हुए भोजपूरी समाज के सत्येन्द्र सिंह के द्वारा शुक्रवार को चाम्पा स्थित हसदेव नदी तट पर बनाऐ गए छठ घाट का निरीक्षण किया गया। साथ ही तैयारियो को लेकर समाज से जुडे लोगों से चर्चा भी की गई। बताया जाता है कि सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा नहाय खाय के साथ शनिवार 25 अक्टुबर से प्रारंभ हो रहा है। सत्येन्द्र सिंह द्वारा शुक्रवार को चाम्पा स्थित हसदेव नदी तट पर बनाए गए छठ घाट का निरीक्षण किया।

# समूह ने जमा नहीं किया डीडी, राशन वितरण में होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

अक्टूबर महीने के 24 दिन गुजर जाने के बाद भी समूह के द्वारा डीडी जमा नहीं किया गया है। ऐसे में हितग्राहियों को राशन पाने में परेशानी होगी। इस समस्या को लेकर जिम्मेदारों को कोई सरोकार नहीं है।

हर मांह की 10 तारीख तक चावल वितरण करने वाले महिला स्व सहायता समूह को डीडी जमा करना होता है लेकिन इस बार 24 तारीख गुजर जाने के बाद भी ग्राम पंचायत सिंघ रा एवं ग्राम पंचायत जमगहन के शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन करने वाले समूह द्वारा डीडी जमा नहीं किया गया है ऐसे में समय पर इन पंचायत में अभी तक चावल नहीं पहुंच पाया है क्योंकि नागरिक आपूर्ति निगम से 20 तारीख से ही चावल शासकीय उचित मूल्य दुकानों में भेजना शुरू हो जाता है ऐसे में सवाल यह उठता है कि इतने दिन बाद भी डीडी नहीं जमा करने पर भी खाद्य निरीक्षक द्वारा इस पर क्यों ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लेट से डीडी जमा होने पर हितग्राहियों को लेट से चावल मिलेगा जबकि 1 तारीख से चावल वितरण का कार्य सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में शुरू हो जाता है।

इस संबंध में नागरिक आपूर्ति निगम प्रभारी श्री एक्का का कहना है कि सिंघरा एवं जमगहन उचित मूल्य दुकान संचालकों द्वारा अभी तक डीडी जमा नहीं किया गया है।

# करही में खनिज विभाग की कार्रवाई दो हाईवा व 60 घन मीटर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खनिज विभाग की टीम ने करही में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई करते हुए दो हाइवा व 60 घन मीटर अवैध रेत की जब्ती बनाई गई है। इस तरह हुई कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हडकंप मच गया है।

खनिज विभाग की टीम ने बीते गुरूवार की देर रात हसौद तहसील क्षेत्र के करही में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्रवाई करते हुए दो हाईवा वाहन और अवैध रूप से डंप किए गए रेत को जप्त किया है। जप्त हाईवा वाहनों को ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया है। उल्लेखनीय है कि हसौद तहसील क्षेत्र के महानदी घाट पर स्थित करही गांव में रोजाना रेत का अवैध उत्खनन परिवहन जारी है, गांव के ही कुछ लोग रेत के इस अवैध कारोबार में संलिप्त हैं जिनके द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कराया जा रहा है। रेत माफिया हाईवा वाहन के जरिए रेत को दूर दराज क्षेत्रों में सप्लाई कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं जिससे सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर रेत के इस अवैध कारोबार को चलाया जा रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि रेत के इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोग हर महीने राजस्व और खनिज विभाग के अफसरों के मोटी रकम पहुंचाते हैं इसीलिए राजस्व और खनिज विभाग की टीम गांव में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर अंकुश नहीं लग पा रही हैं। राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं, ग्रामीणों की माने तो खनिज विभाग की टीम छापेमारी करने से पहले रेत माफिया को सूचना देकर मौके पर पहुंचते है। एक दो हाईवा वाहन को जप्त कर खनिज विभाग की टीम औपचारिकता निभाती है। 23 अक्टूबर गुरूवाार की देर रात करीबन 12 बजे खनिज विभाग की टीम ने स्थानीय जिला पंचायत सदस्य की शिकायत पर करहीं में दबिश देकर रेत परिवहन में लगे दो हाईवा वाहन और अवैध रूप से डंप किए गए रेत को जप्त किया है।

## न्यायालयीन प्रकरणों की ली जानकारी, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने किया जांजगीर व सक्ती न्यायालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-सक्ती

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा जांजगीर व सक्ती पहुंचे। उन्होंने यहां के न्यायालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रकरणों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

शुक्रवार 24 अक्टूबर को मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा रायगढ़ दौरे पर पहुंचे। वहां से वापसी के दौरान उन्होंने खरसिया, सक्ती और जांजगीर जिला न्यायालय का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उच्च न्यायालय में दीपावली पर्व के अवकाश चल रहे हैं। अवकाश के दौरान भी मुख्य न्यायाधीश द्वारा विभिन्न जरूरी प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है तथा सुदृढ व सुचारू न्यायालयीन व्यवस्था हेतु विभिन्न न्यायालयों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायालय, रायगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार व अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके उपरांत उनके द्वारा सिविल न्यायालय खरसिया के नवीन न्यायालय भवन का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात वे सक्ती न्यायालय का भी निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सभी न्यायालयों के कक्षों एवं अनुभागों का अवलोकन किया गया तथा सभी व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। अंत में मुख्य न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय जांजगीर-चांपा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायिक अधिकारीगण व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। न्यायिक अधिकारीगणों को न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। न्यायालय भवन में साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त किया गया। अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे तथा उनसे चर्चा की गई। औचक निरीक्षण में मुख्य न्यायाधीश के साथ रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव, संयुक्त रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.वी.एल.एन सुब्रहमन्यम एवं प्रोटोकॉल ऑफिसर आर. एस. नेगी भी उपस्थित रहे।



जिला न्यायालय जांजगीर का निरीक्षण करते मुख्य न्यायाधीश साथ में अधिकारी।

## खबर संक्षेप

### सीईओं ने दिवंगत पंचायत सचिव के आश्रित को तत्काल दिलाई अनुग्रह राशि



**सक्ती।** जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत केनापाली के पंचायत सचिव स्व. कोमल प्रसाद लहरे के 22 अक्टूबर को शासकीय सेवा में रहते हुये मृत्यु होने के फलस्वरूप उनके आश्रित भतीजे श्री डोलनारायण लहरे को अनुग्रह राशि 25 हजार का नगद भुगतान जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी.के.आदिले द्वारा तत्काल दिलाई गई। इस दौरान प्रभारी पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक रेशमलाल पटेल एवं ग्राम पंचायत केनापाली के सरपंच श्यामलाल बंजारे आदि उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन कल से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के बस स्टैंड चौक कश्यप निवास पर श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन रविवार 26 अक्टूबर को शुभारंभ किया जाएगा। कथा वाचक पं गीताराम तिवारी के द्वारा कथा का रसापान कराएंगे। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ 26 अक्टूबर दिन रविवार को कलशयात्रा बेदीपूजन षट्ध्यायी के साथ कथा प्रारम्भ होगा। वहीं 27अक्टूबर सोमवार भागवत प्रारंभ परीक्षित जन्म हिरण्याक्ष वध, 28 दिन मंगलवार कपिल देव हूति उपाख्यान ध्रुव चरित्र ऋषभदेव चरित्र, 29 अक्टूबर दिन बुधवार अजामिल प्रहलाद चरित्र ,30 अक्टूबर गुरुवार गजेन्द्र मोक्ष समुद्र मंथन मनुवंश वर्णन रामावतार कृष्णावतार, 31 अक्टूबर शुक्रवार पूतना उध्दार बाल लीला गोर्वधन पूजा छप्पन भोग रक्खमणी विवाह, 1नवम्बर दिन शनिवार को भगवान के विवाह सुदामा चरित्र, 2 नवबंर दिन रविवार कृष्ण उध्दव संवाद भगवान का परमधाम गमन परीक्षित मोक्ष चढोत्री तुलसी विवाह, 3 नवंबर दिन सोमवार को विष्णु सहस्त्रनाम तुलसी वर्षा हवन बाह्मण भोज कथा का विराम होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30बजे कथा प्रारम्भ होगा। इसके साथ ही प्रतिदिन सुबह पूजन अभिषेक आरती एवं शाम आरती होगा। कथा को सफल बनाने में श्रीमती सहोदराबाई अवध बिहारी कश्यप, श्रीमती रामबाई स्व गोविन्द कश्यप, श्रीमती दुलौरिन बालकृष्णपाल , श्रीमती भारती लोकेद्र कुमार ,श्रीमती ज्योति लोकेश कश्यप, नीरज कश्यप ,दीपक कश्यप ,ओमप्रकाश कश्यप, भव्य कश्यप के अलावा श्रवण, हीरालाल, नारायण, मोतीलाल ,मणीलाल, बनवारी ,शशिभूषण ,रामप्रसाद, भुवन, जीवन ,नेतराम ,रामगोपाल, प्रमोद ,राजू ,बुदेश, बुद्धेश्वर, रथराम, पिताम्बर आदि के अलावा पूरा कश्यप परिवार ने सभी श्रद्धालु को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किए हैं।

### जिला पंचायत सक्ती की सामान्य सभा की विशेष बैठक 3 को

**सक्ती।** जिला पंचायत सक्ती में सामान्य सभा की विशेष बैठक 3 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन सुबह 10 बजे से जिला पंचायत सक्ती के सभा कक्ष में किया जाएगा। बैठक के एजेंडावार विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव का पालन प्रतिवेदन के सम्बन्ध में चर्चा और अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर भी चर्चा किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक के एजेंडावार विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### मां मड़नका मंदिर परिसर में निकाली गई भव्य झांकी, की पूजा अर्चना



**पामगढ़।** मां मड़नका दाई मंदिर परिसर में दीपावली के अवसर पर मां काली जी की पूजा पाठ बड़े धूम से किया गया। लोगों ने दीपक जला कर पूजा अर्चना किया। मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मां काली की मूर्ति स्थापना कर प्रतिदिन बड़े ही भक्ति भाव से लोगों ने पूजा अर्चना की। इस दौरान रात्रि में झाँकी का प्रदर्शन किया गया। लक्ष्मी पूजा के दिन दीप महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें सभी मोहल्ले व नगर वासिओ ने वहां पर दीपक जला कर पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर मां काली सेवा समिति के सदस्य गण तिजू कश्यप, किशन कश्यप, लव कश्यप, हरि कश्यप, सोनू दास, शनि कश्यप, मनीष कुमार का योगदान रहा ।

## निधन

### शिवम कैवर्त



**अकलतरा।** नगर के पूर्व पार्षद स्वर्गीय सहदेव कैवर्त के पुत्र शिवम कैवर्त का 33 वर्ष की उम्र में निधन 20 अक्टूबर को हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार गोपिया तालाब स्थित मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### यूनिटी मार्च एवं धान खरीदी तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# राज्योत्सव के दौरान सभी शासकीय भवनों में रोशनी किए जाने करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान सभी शासकीय भवनों में रोशनी व्यवस्था बनाए रखने धान खरीदी कार्य की तैयारी में तेजी जाने एवं यूनिटी मार्च को लेकर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली। इस बीच उन्होंने कहा कि सभी संबंधित कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 24 अक्टूबर को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में धान खरीदी कार्य, राज्योत्सव और यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा बैठक में बताया गया कि जिला मुख्यालयों में 02 नवम्बर से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योंत्सव कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है। जिसके लिए उन्होने कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन करने और विभिन्न विभागों को उनके विभाग अंतर्गत हुवे विकास कार्यो तथा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक की रात्रि में जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी भी कराये जाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश सभी संबंधित विभागों को दिए है। बैठक में कलेक्टर द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशानुसार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती अवसर पर यूनिटी मार्च का आयोजन कराने के लिए स्थल चिन्हांकित करने सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियॉं सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों को दी गई है। कलेक्टर ने कहा की युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देते हुए हमें यूनिटी मार्च का आयोजन करना है। यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित है। बैठक में यूनिटी मार्च के आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा आगामी दिनों में किसानों से होने वाले धान खरीदी कार्य की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी से संबंधित सभी कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यो की अद्यतन स्थिति, आदि कर्मयोगी अभियान, छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं वितरण, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई।

# आत्मा के भीतर छिपे ईश्वरी प्रकाश को प्रज्ज्वलित करना सच्ची दीपावली : भुवनेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल ब्रम्हाकुमारी सेवा केन्द्र के पदाधिकारी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारिज संस्था के पुरानी बस्ती वार्ड नं 10 श्री राम चौक के पास स्थित सेवा केंद्र दीपावली पर्व को आध्यात्मिक दीपावली के रूप में मनाया गया।

सेवा केंद्र प्रभारी बी के भुवनेश्वरी ने बताया की बाह्य दीपों के साथ-साथ आत्मा के भीतर छिपे ईश्वरीय प्रकाश को प्रज्वलित करना चाहिए। सच्ची दीपावली तब होती है जब हम अपने मन से नकारात्मकता, दुख, और अज्ञान का अंधकार मिटाकर आत्मज्ञान का दीप जलाते हैं। जिस क्षण आत्मा अपनी शुद्धता को पहचानती है, वही क्षण वास्तविक दीवाली का आरंभ होता है। कार्यक्रम की शुरुआत राजयोग मेडिटेशन से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने शांति और आत्मिक आनंद का अनुभव किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों और युवाओं ने "दीप जलाओ, मन का अंधकार मिटाओ विषय पर सुंदर नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे मनोज अग्रवाल, ज्योति, राकेश रोहरा, रतन सिंह चंदेल, राजेश, आशीष सिंह, मूलचंद देवांगन, केशव, रामाधार, रामकुमार, सोनू, शोभा ,रामेश्वरी, शांति, कीर्ति, देवकी, लक्ष्मी, सकुंतला, रामबाई, कमला, वैभव, लता नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### दीपावली पर्व पर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर पर निर्माण लाडू चढ़ाया गया

**अकलतरा।** जैन समाज द्वारा दीपावली पर्व एवं भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 21 अक्टूबर को आर्यिका संघ के मंगल सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। भगवान महावीर की प्रतिमा पर समाज के लोगों द्वारा जलाभिषेक किया गया। शांति धारा करने का सौभाग्य रवि जैन, सारांश जैन, राहुल जैन, दक्ष जैन, राजू जैन, शुभम जैन , प्रमोद जैन एवं प्रतीक जैन जैन परिवार को प्राप्त हुआ, जैन समाज के लोगों द्वारा 21 अक्टूबर को अमावस्या होने से दीपावली के त्योहार के अवसर पर सुबह 6 बजे भगवान महावीर की पूजा अर्चना करने के पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाया गया एवं दोपहर 2 बजे अपने-अपने घरों में पूजा अर्चना की गई। धर्म सभा को संबोधित करते हुए आर्यिका अपूर्वमति माता ने कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म बिहार के कुंड ग्राम में राजा सिद्धार्थ एवं रानी त्रिशला के पुत्र के रूप में हुआ था। भगवान महावीर ने राज पाठ के वैभव एवं सुख को छोड़कर वन मार्ग की ओर गमन किया, भगवान महावीर ने अपने जीवन में सत्य एवं अहिंसा के मार्ग में चलने के साथ-साथ दूसरे जीवो की रक्षा करने का संदेश दिया। अमावस्या के दिन प्रातः काल मोक्ष की प्राप्ति हुई थी 20 अक्टूबर को चौदस की तिथि होने से जैन समाज द्वारा 21 अक्टूबर को अमावस्या के दिन सुबह मंदिर में भगवान महावीर की पूजा अर्चना करने के साथ-साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, उपाध्यक्ष विमल जैन ,सचिव रूपेश जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, सहसचिव राजा जैन, प्रफुल्ल जैन, शैलेंद्र जैन , प्रकाश जैन, वीरेंद्र जैन सुभाष जैन, सुनील जैन, राकेश जैन, ,संजय जैन, कमल जैन, रवि जैन, अनिल जैन, बाबू जैन, शरद जैन, संजय जैन, प्रवीण जैन, सोपनिल जैन, रितेश जैन, आलोक जैन, मनोज जैन, आनंद जैन, नितिन जैन, सौरभ जैन, अंकित जैन, हिमांशु जैन,राहुल जैन, विपुल जैन, प्रखर जैन, अमन जैन, यश जैन, एवं जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हवन एवं पूजा अर्चना के साथ 48 दिवसीय भक्तांबर महाविधान का समापन हुआ ।

# पूर्व विधायक ने किया चौरा बरपाली में सड़क निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार



भूमिपूजन में शामिल खिलावन साहू।

सक्ती विधानसभा के ग्राम पंचायत चौरा बरपाली में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 5 लाख रुपए का सी सी रोड का भूमिपूजन श्रीफल तोड़कर किया।

विदित हो कि डॉ खिलावन साहू के विधायक कार्यकाल में ग्राम पंचायत चौरा बरपाली का भरपूर विकास हुआ था जिसमें प्रमुख रूप सेन्द्री से चौरा बरपाली , गिधौरी से चौराबरपाली सड़क का डामरीकरण, नया पंचायत गठन एवं उसका भवन निर्माण, गांव की 80 प्रतिशत गलियों का सीसी रोड डॉ खिलावन साहू के कार्यकाल में हुआ था। बचे हुए अधिकांश कार्य डॉ साहू की जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती राधा साहू ने पूरा कराया। क्षेत्र के युवा नेता एवं ग्राम पंचायत देवरमाल के सरपंच योगेन्द्र साहू एवं ग्रामवासियों की मांग पर डॉ साहू ने 5 लाख रुपए स्वीकृति दिलायी थी। जिसका डॉ साहू सरपंच,पंच एवं ग्राम वासियों के साथ जाकर भूमि पूजन किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत देवरमाल के सरपंच योगेंद्र साहू, चौराबरपाली के सरपंच प्रतिनिधि जीवनलाल कंवर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधी हीरा साय यादव, अमृत लाल कंवर, लक्ष्मण सतनामी, किशन सतनामी, रमेश कुमार, पीरित राम, डॉ धनंजय साहू, किशन कंवर, संतोष चौहान गांव के गणमान्य नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहे। क्षेत्र के युवा नेता एवं ग्राम पंचायत देवरमाल के सरपंच योगेन्द्र साहू एवं ग्रामवासियों की मांग पर डॉ साहू ने 5 लाख रुपए स्वीकृति दिलाई गई थी। जिसका डॉ साहू सरपंच, पंच एवं ग्राम वासियों के साथ जाकर भूमि पूजन किया।

# देवरानी के जसगीत प्रतियोगिता में हरेठीकला को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम देवरानी के अटल चौक में श्री महालक्ष्मी सेवा समिति द्वारा भव्य जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जस गीत का फाइनल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जय बजरंग जसगीत पार्टी हरेठीकला को प्रदान किया गया।

जसगीत प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक चंद्रा ,विशिष्ट अतिथि के रूप में पूजा चंदराम टंडन सरपंच ग्राम पंचायत देवरानी, मोहन लाल पटेल, राजकुमार भैना सचिव की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दीपक चंद्रा ने कहा कि जसगीत कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक कलाकारों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वही सपंच प्रतिनिधि चंदराम टंडन ने कहा कि प्रथम वर्ष श्री महालक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित करने के बाद भी इतना बड़ा आयोजन का होना निश्चित ही समिति वाले धन्यवाद के पात्र है। जस गीत में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए जय बजरंग जसगीत पार्टी हरेठीकला को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपए जय समलाई दाई जसगीत पार्टी देवरहा, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए जय मां महामाया जसगीत पार्टी कटौद, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए रुपए जय मां देवी जसगीत पार्टी चिकनीडीह, पंचम पुरस्कार 1501 रुपए जय मां मड़वारानी जसजीत पार्टी कपिस्दा एवं सांत्वना पुरस्कार में जय मां सरस्वती जसगीत पार्टी सिलादेही, जय मां गायत्री जसगीत पार्टी नेगुरडीह, जय राजा ठाकुरदेव जसगीत पार्टी पोड़ीशंकर को दिया गया। संचालन परमानंद साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य वीर भद्र पांडेय, मुख्य यजमान राजकुमार साहू, लोकनाथ साहू, परदेशी साहू, भरत साहू,मोती लाल, परमानंद साहू, फ़ोटूल साहू, अनूप कुमार साहू, प्रहलाद साहू, सुकलाल साहू, हीरा लाल साहू, यशोदा साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तालदेवरी सोसायटी में मनाया गया रजत जयंती कार्यक्रम

**तालदेवरी।** रजत जयंती कार्यक्रम वर्ष 2025-26 छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमें उपसंचालक द्वारा 17 से 24 अक्टूबर तक ब्लाक अंतर्गत समिति स्तर पर कार्य क्रम आयोजन करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए। जिसमें गुरुवार 23 अक्टूबर को सेवा सहकारी समिति तालदेवरी में कार्य क्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के बी.आर.सारथी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तालदेवरी राम कुमार पटेल संस्था प्रबंधक सेवा सहकारी समिति तालदेवरी द्वुवारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम को सफल बनाते हुए किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कृषि विभाग के विभिन्न विभागीय योजनाओं जैसे एग्रीस्टेक पंजीयन संबंधी जानकारी प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान समृध्दि योजना, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,सौर सुजला योजना,धान खरीदी नेशनल मिशन ऑन इडिबल आयल योजना अंतर्गत आयल पम्प योजना जैसे अन्य योजनाओं के बारे में किसानो को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

# फार्मर काउंसिल आफ भारत के चेयरमेन बने नीरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



फार्मर काउसिंल आफ भारत के चेयरमेन डॉ नीरज पाण्डेय को बनाया गया है। उन्होंने 15 वर्षो में कृषि के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए है।

ज्ञात हो कि डॉ. नीरज पाण्डेय को फॉर्मरकाउंसिल ऑफ भारत ने छत्तीसगढ़ प्रदेश का चेयरमेन नियुक्त किया है। डॉ. पाण्डेय ने पिछले 15 वर्षों में कृषि के क्षेत्र में बहुत ही अभूतपूर्व कार्य किए है। कृषि क्षेत्र में डॉ पाण्डेय ने हमेशा किसानो के हित में उनकी आय को बढ़ाने एवं किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किए है। कृषि के क्षेत्र में उन्नतशील बीजों, एवं उत्तम गुणवत्ता की रसायनिक एवं जैविक कृषि दवाइयों एवं उर्वरकों के क्षेत्र में बहुत बड़े स्तर पर काम किया है और फॉर्मर फील्ड्स पर बहुत ही महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य किए है जोकि एक अलग पहचान के रूप में जाने जाते है। फॉर्मर काउंसिल ऑफ भारत ने डॉ. पाण्डेय जी को एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है, पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में हर जगह हर्ष और उल्लास का माहौल है। डॉ. पाण्डेय ने मीडिया बताया है कि हम अपने अनुभव का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों एवं आम जनता तक पहुंचाने कीपूरी कोशिश करेंगे तथा फॉर्मर काउंसिल ऑफ भारत, भारत सरकार की सभी योजनाओं जैसे कि कृषि विभाग की सभी स्कीमों, महिला सशक्तिकरण, स्किल इंडिया, पशुपालन, हेल्थ स्कीमों, एमएसएमईएस लोन, रोजगार, एफएसएसएआई ,सहकारिता स्कीमों, सोलर स्कीमों को धरातल पर लागू करने का पूरा प्रशास करूंगा तथा आम आदमी को भारतसरकार की सारी योजनाएं जमीनी स्तर पर करवाने की पूरी कोशिश करूंगा।

डॉ. पाण्डेय ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत अभियान, आत्म निर्भर भारत, मेन इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल जैसे उद्देश्यों को फार्मर काउंसिल ऑफ भारत छत्तीसगढ़ पूरा करने का काम करेगी।

# धान की फसल को मवेशियों से बचाने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



गौठान में विचरण करते मवेशी।

सारागांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अमरूवा में लगी धान की फसल को मवेशियों से बचाने ग्राम पंचायत के द्वारा अभियान चलाकर मवेशियों को गौठानों में रखा जा रहा है। साथ ही उनके चारा पानी की समुचित व्यवस्था भी की जा रही है ताकि धान की फसल को मवेशियों से बचाया जा सके।

ज्ञात हो कि सारागांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अमरूवा में बड़े पैमाने पर किसानों के द्वारा धान की फसल लगाई गई है। वहीं धान की फसल में बलिया आने भी शुरू हो गई है। साथ ही कुछ जगहों पर अर्ली वैरायटी धान की फसल को काटने की तैयारी भी चल रही है। इधर ग्राम पंचायत अमरूवा के सरपंच मुकेश सागर एवं उपसरपंच श्रीमती उमा छवि मन्नेवार के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर गांव में आवारा घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित तरीके से गांव में बने गौठान में सुरक्षित पहुंचा जा रहा है। साथ ही उनके चारा पानी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था भी ग्राम पंचायत की ओर से की जा रही है ताकि धान की फसल को आवारा मवेशियों से बचाया जा सके। इस कार्य में गांव के लोग भी उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। करीब 15 दिनों के बाद धान की फसल कटाई प्रारंभ हो जाएगी। इसे देखते हुए फसल को आवारा मवेशियों से बचाने पंचायत द्वारा मवेशियों को गौठान में रखा जा रहा है।

### वेदांता लिमिटेड थर्मल पॉवर प्लांट ने बच्चों को बांटे प्रशस्ति पत्र

# बच्चों के रचनात्मक प्रतिभा को आगे बढ़ाने हरसंभव किया जाएगा सहयोग : पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



रंगोली प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी प्रशस्ति पत्र के साथ।

वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट ने अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम निमोही स्थित स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली स्पर्धा आयोजित की। हमारा गांव स्वच्छ गांव, हमारा विद्यालय सुंदर विद्यालय थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की कुल 11 टीमों ने भागीदारी की। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्हीएलसीटीपीपी के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस प्रमुख श्री सुशीम बेहरा और उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की बेहतरीन रचनात्मकता के लिए उनकी खूब हौसला अफजाई की। व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार पटेल ने निमोही के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साधुवाद दिया। श्री पटेल ने कहा कि बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को आगे बढ़ाने की दिशा में व्हीएलसीटीपीपी की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद ग्राम पंचायत निमोही के सरपंच पारसमणि गबेल, निमोही शाला विकास समिति के अध्यक्ष हलधर डनसेना, सदस्य अविनाश डनसेना, निमोही स्कूल के शिक्षक अरूण राठिया तथा ओमप्रकाश डनसेना ने व्हीएलसीटीपीपी के आयोजन की दिल खोलकर प्रशंसा की। अतिथियों और शिक्षकों ने विश्वास जताया विद्यार्थियों की चहुंमुखी प्रगति के लिए ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। वेदांता पावर के प्लांट मानसा, पंजाब तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, सिंघीतराई, छत्तीसगढ़ वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट), तिरुपति, आंध्र प्रदेश मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड) और झारसुगुड़ा, ओडिशा झारसुगुड़ा आईपीपी प्लांट स्थित हैं।

